**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**08.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**शेखावत**

केंद्रीय संस्कृति व पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक स्पष्ट लक्ष्य और तय मार्ग पर आगे बढ़ रहा है। शिमला में आज एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि देश में तेजी से बढ़ते पर्यटन और होटल सैक्टर को देखते हुए प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवश्यकता बढ़ रही है। ऐसे में हाल ही में प्रस्तुत केंद्रीय बजट में एक नैशनल हॉस्पिटेलिटी इंस्टीट्यूट स्थापित करने का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये बजट आर्थिक सुधार, आत्मनिर्भरता और सर्व समावेशी विकास का रोड़ मैप है। गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश को पर्यटन, इंफ्रास्ट्रक्चर और आपदा राहत के तौर पर केंद्र ने निरंतर सहयोग दिया है, जबकि कांग्रेस इस मामले में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार महिला सशक्तिकरण, युवा विकास और किसान व गरीब कल्याण की दिशा में प्राथमिकता से कार्य कर रही है।

**अधिनियम**

प्रदेश में सार्वजनिक परीक्षा—अनुचित साधनों की रोकथाम अधिनियम—2025 कल से लागू हो जाएगा। राज्य सरकार ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक परीक्षाओं में पारदर्शिता लाना है। इस कानून के अंतर्गत, अब नकल, प्रश्न पत्र लीक, जालसाजी और परीक्षा संबंधी संगठित अपराधों के विरूद्ध कडी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। अधिनियम के अनुसार, भर्ती परीक्षाओं में नकल करने या नकल में सहायता करने वाले किसी भी व्यक्ति को कम से कम पांच वर्ष और अधिकतम दस वर्ष के कारावास के साथ एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। अधिनियम के अनुसार परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसियों और उनके कर्मचारियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही भी तय की गई है।

**बिंदल**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस सरकार झूठे वायदों और आर्थिक कुप्रबंधन के कारण पूरी तरह विफल साबित हुई है। धर्मशाला में आज प्रत्रकारों से बातचीत में उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी गारंटियां पूरा करने के बजाए सरकार अब जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। बिंदल ने ये भी आरोप लगाया कि 40 हजार करोड़ रुपये का कर्ज लेने के बावजूद प्रदेश में विकास कार्य ठप्प हैं।

राजीव बिंदल ने कहा कि केंद्र सरकार प्रदेश के विकास के लिए लगातार सहायता दे रही है और सड़कों, फोरलेन और रेलवे विस्तार के लिए प्रदेश को अभूतपूर्व लाभ मिला है।

**शिखर सम्मेलन**

दिल्ली के भारत मंडपम में 16 से 20 फरवरी तक आयोजित होने वाला **भारत एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन** वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संबंधी चर्चाओं को वास्तविक परिणामों में बदलने पर केंद्रित होगा। इससे नागरिकों विशेष रूप से विकासशील देशों और ग्लोबल साउथ के नागरिकों को लाभ होगा। डिजिटल इंडिया हमारे विशेषज्ञों से पूछें विषय पर इंडिया ए. आई मिशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक सिंह ने कहा कि यह शिखर सम्मेलन तकनीकी विमर्श से आगे बढ़कर जन—केंद्रित समाधानों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

**बजट सत्र**

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से शिमला में आयोजित किया जाएगा। ये सत्र राज्यपाल के अभिभाषण के साथ दोपहर दो बजे से आरंभ होगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि सत्र के आयोजन को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण के बाद शोकोदगार और विधायी कार्य शुरू होंगे।

**पुल क्षतिग्रस्त**

चम्बा जिला के दो महत्वपूर्ण डलहौजी और चुराह विधानसभा क्षेत्र को आपस में जोड़ने वाला कोटी पुल इन दिनों यातायात के लिए खतरा बना हुआ है। ये पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के कगार पर पहुंच चुका है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह

पुल किसी जोखिम से कम नहीं है। रात के समय वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने राज्य सरकार से मांग की है कि इस पुल का जल्द से जल्द जीर्णोद्धार किया जाए ताकि भविष्य में किसी बड़े नुकसान से बचा जा सके।